21/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

गुरु पूर्णिमा, जिसे व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, आज पूरे देश में आध्यात्मिक और शैक्षणिक शिक्षकों के सम्मान में मनाई जा रही है। इस दिन लोग अपने गुरुओं के प्रति उनकी बुद्धिमत्ता और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हैं। यह पूर्णिमा के दिन सारनाथ में दिए गए ज्ञान प्राप्ति के बाद भगवान बुद्ध के पहले उपदेश का भी स्मरण कराता है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन पड़ने वाला यह त्यौहार ऋषि वेद व्यास की जयंती का भी प्रतीक है।

0000000000000000000

संसद के बजट सत्र से पहले आज नई दिल्ली में आयोजित सर्वदलीय बैठक सम्पन्न हो गई है। इस दौरान सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की। केन्दीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, जगत प्रकाश नड्डा, चिराग पासवान, रामदास आठवले और कांग्रेस नेता जयराम रमेश और गौरव गोगोई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल, डी.एम.के. नेता टी.आर. बालू और तिरुचि शिवा, आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह, AIMIM के Asaduddin Owaisi सहित कई अन्य नेता बैठक में शामिल हुए।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। श्री खरगे आज 82 वर्ष के हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खरगे के लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी श्री खरगे को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने श्री खरगे के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

000000000000000000

पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री तालो मुगली का शनिवार को उनके रागा स्थित यदा आवास पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। एक दिन का शोक के दोरान कामले जिले में सभी सरकारी और शैक्षणिक संस्थानों और बाजार भी बंद रहे।

000000000000000000

नई दिल्ली में हालही मे आयोजित एआईएफएफ अवार्ड्स 2024 में प्रदेश सरकार और अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन को विशेष सम्मान दिया गया। यह पुरस्कार युपिया में आयोजित 77वीं संतोष ट्रॉफी 2023-24 के सफल आयोजन के लिए दिया गया। अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव किपा अजय ने एआईएफएफ के उपाध्यक्ष

एन.ए. हारिस से पुरस्कार ग्रहण किया। एपीएफए ने प्रतिष्ठित फुटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री पेमा खांडू, प्रदेश सरकार और सभी संबंधित पक्षों का आभार व्यक्त किया है।

000000000000000000

एसपी रोहित राजबीर सिंह की देखरेख में चिम्पू पुलिस स्टेशन की टीम ने शनिवार को वीकेवी, सांगे लहाडेन स्पोर्ट्स अकादमी और केवी नंबर 2 सहित स्कूलों के पास तंबाकू बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन प्रतिष्ठानों से विभिन्न तंबाकू उत्पाद जब्त किए। इस बीच, ईटानगर कैपिटल कॉम्प्लेक्स, जिला उपायुक्त तालो पोटोम ने चेतावनी दी कि बार-बार उल्लंघन करने वालों पर सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

0000000000000000000

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई ने, स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा- **नीट** पेपर लीक मामले में, तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो व्यक्ति राजस्थान के भरतपुर चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थी हैं। सूत्रों के अनुसार, ये दोनों आरोपी 5 मई को आयोजित परीक्षा के दिन झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे। गिरफ्तार किया गया तीसरा व्यक्ति पेपर लीक सरगना को हर तरह की सहायता उपलब्ध करा रहा था।

0000000000000000000

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज-एनएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के डीपफेक वीडियो के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति आर.आई. छागला की एकल पीठ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को एनएसई के ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने वाले सभी खातों को हटाने का निर्देश दिया है।

अदालत ने सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों को तीन सप्ताह में फर्जी वीडियो प्रकाशित करने वाले और एनएसई के पंजीकृत ट्रेडमार्क का उपयोग करने वाले सभी खातों का विवरण देते हुए हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 19 अगस्त को होगी।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस बात पर गर्व व्यक्त किया है कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया है। श्री मोदी ने कहा कि दल ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कई अन्य युवाओं को प्रेरित करेगी और गणित को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद करेगी।

000000000000000000